# जनपद शामली पुलिस

## --सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक-22.05.2025

**थाना बाबरी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत बुटराडा रोड** निर्माणधीन होटल से **चोरी करने की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 चोर गिरफ्तार, किया गया। कब्जे से चोरी हुए 15 लोहे के गाटर, 04 लोहे की प्लेट व 01 झुरमुट बरामद व घटना में प्रयुक्त वाहन टाटा ACE GOLD N0 UP12BT 4054 बरामद।**

ज्ञात हो कि दिनांक 21.05.2025 को थाना बाबरी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा बुटराडा रोड निर्माणधीन होटल से 15 लोहे के गाटर, 04 लोहे की प्लेट व 01 झुरमुट चोरी कर लेने के सम्बन्ध में वादी श्री नवाजिश पुत्र अल्लाह रखा निवासी ग्राम बुटराडा, थाना बाबरी जिला शामली द्वारा थाना बाबरी पर लिखित तहरीर दाखिल की थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना बाबरी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा उपरोक्त चोरी की घटना का अनावरण हेतु थानाध्यक्ष थाना बाबरी को निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 22.05.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे चोरी, लूट, डकैती, नकबजनी, स्नैचिंग की घटना में लिप्त अपरधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी थानाभवन के निकट पर्यवेक्षण में थाना बाबरी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत **बुटराडा रोड** निर्माणधीन होटल से सामान **चोरी करने की घटना** की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 चोरों को पीके रोड़ पर हाइवे के पास से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अभियुक्तगणों के कब्जे से चोरी किये गये 15 लोहे के गाटर, 04 लोहे की प्लेट व 01 झुरमुट व घटना में प्रयुक्त वाहन टाटा ACE GOLD N0 UP12BT 4054 बरामद हुए है। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ मे आर्थिक उद्देश्य की पूर्ति हेतु उपरोक्त चोरी की घटना करना बताया है।**

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण------**

1.शोएब पुत्र बाबर निवासी ग्राम माडी थाना तितावी जनपद मुजफ्फनगर

2.वसीम पुत्र हनीफ निवासी मौहल्ला हकीकत नगर कस्बा बनत थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली

3.सलमान पुत्र जमील निवासी ग्राम हिण्ड थाना थानाभवन जनपद शामली

**बरामदगी का विवरणः----**

1- 15 लोहे के गाटर

2- 04 प्लेट लोहा फरमें

3.- एक लोहे का झुरमुट

4.-घटना में प्रयुक्त वाहन टाटा ACE GOLD N0 UP12BT 4054

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-----**

1.थानाध्यक्ष श्री राहुल कादयान थाना बाबरी जनपद शामली।

2.उ0नि0 श्री सुनील सिंह वर्मा थाना बाबरी जनपद शामली।

3.उ0नि0 श्री कुसुमपाल सिंह थाना बाबरी जनपद शामली

4.है0का0 अशोक कुमार थाना बाबरी जनपद शामली।

5.का0 हातम थाना बाबरी जनपद शामली।

6.का0 विकास कुमार थाना बाबरी जनपद शामली।




**<u>SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI</u>**